देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 231 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
राष्ट्रहित का सवाल



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023



मौसम अधिकतम 22.0° न्यूनतम 12.0° 70865.1

2 गृहयुद्ध की आग जल रहा भारत का पड़ोसी 7 पाकिस्तान क्रिकेट में भूचाल!

# उम्मीद है कनाडा भारत के दुश्मनों पर कार्रवाई करेगा

## भारत सरकार ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को दिखाया आईना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जस्टिन ट्रूडो के एक साक्षात्कार में दिए गए बयान के बाद भारत ने कहा है कि भारत को भी आशा है कि कनाडा भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को कहा कि कनाडा के भारत का मुख्य मुद्दा वहां सक्रिय भारत विरोधी ताकतों को दी जाने वाली छूट का है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भारत को भी उम्मीद है कि कनाडा अलगाववादियों और भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। अरिंदम बागची का यह बयान तब आया है जब बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा कि जब से अमेरिका ने भारत सरकार के एक कर्मचारी पर अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश रचने का आरोप लगाया है और चेतावनी दी है तभी से भारत के रुख में बदलाव आया है।

कतर में 8 पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को मौत की सजा पर भी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मामला अपीलीय अदालत में है। कतर की अपीलीय अदालत में इस मामले में तीन बार सुनवाई हो चुकी हैं। इस बीच, दोहा में हमारे राजदूत को तीन दिसंबर को सभी आठ लोगों से मिलने के लिए कांसुलर स्तर की सहायता मिली थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा और कोई जानकारी साझा करने के लिए नहीं है। मुझे इस बात का कोई संकेत नहीं है कि किन लोगों को माफ किया गया था और कितने भारतीय वहां थे। आगे उन्होंने मालदीव द्वारा संयुक्त हाइड्रोग्राफिक सर्वे के लिए भारत के साथ समझौते को रिन्यू नहीं करने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हाइड्रोग्राफी के क्षेत्र में भारत का एक सफल ट्रैक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि हम हिंद महासागर क्षेत्र में कई देशों के साथ हाइड्रोग्राफी और उससे संबंधित विभिन्न तत्व पर सहयोग भी कर रहे हैं। इसका लाभ भागीदार देशों को दिखाई दे रहा है।

गौरतलब है कि सात अक्तूबर को इस्राइल–हमास युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान समर्थित हूती विद्रोही एक पूर्व में अन्य मिलिशिया समूहों के साथ मिलकर अमेरिकी जहाजों पर हमला कर रहे हैं।



### निखिल गुप्ता के संपर्क में भारत

निखिल गुप्ता के मामले में विदेश मंत्रालय ने बड़ी जानकारी दी है। प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत को कम से कम तीन मौकों पर निखिल गुप्ता तक राजनयिक पहुंच प्राप्त हुई। भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को बीती 30 जून को चेक रिपब्लिक में गिरफ्तार किया गया सम। निखिल गुप्ता पर आरोप है कि वह भारत के एक कथित सरकारी अधिकारी के संपर्क में था और निखिल गुप्ता और अन्य लोग अमेरिका के न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के एक अलगाववादी नेता की हत्या की साजिश रच रहे थे। अमेरिका मीडिया का दावा है कि वह अलगाववादी नेता गुरुपतवंत सिंह पन्नू है। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, निखिल गुप्ता ने पन्नू की हत्या के लिए एक किलर से भी संपर्क किया था।

### लाल सागर पर हमारी नजरः अरिंदम बागची

बागची ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान लाल सागर में समुद्री जहाजों पर हूतियों द्वारा किए जा रहे हमलों पर भी बयान दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत हमेशा वाणिज्यिक शिपिंग की मुक्त आवाजाही का समर्थक रहा है। इस कारण हमारी इसमें रुचि हैं। हम, लाल सागर में हो रहे घटनाक्रमों की निगरानी कर रहे हैं। यह मुफ्त शिपिंग सुनिश्चित करने के हमारे अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का भी हिस्सा है, चाहे वह चोरी हो या कुछ और, हम उस पर निगरानी रखना जारी रखेंगे। हाल ही में यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाके से लाल सागर में एक मालवाहक जहाज पर हमला किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### पुंछ में सेना के ट्रक पर आतंकी हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पुंछ। जम्मू कश्मीर के पुंछ से बड़ी खबर सामने आ रही है। पुंछ के सुरनकोट में एक सैन्य वाहन पर आतंकी हमला हुआ है। हमला डेरा की गली, पीर टोपा इलाके के पास हुआ है। वहीं जानकारी के अनुसार सेना ने मोर्चा संभाल लिया है और फिलहाल फायरिंग हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेना के 48 आरआर के जवानों के वाहन पर शाम चार बजे के करीब हमला हुआ है। यह अटैक सवानी इलाके में हुआ है।

### सीएम ने जन समस्याओं को सुनने के दिए निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जनपद ऊधमसिंह नगर स्थित लोहियाहेड कैम्प कार्यालय में क्षेत्र की जनता से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री ने समस्याओं के निस्तारण हेतु सरलीकरण, समाधान एवम संतुष्टि के आधार पर हल करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# साक्षी मलिक ने रोते हुए कुश्ती को कहा अलविदा

## बृजभूषण के करीबी के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने पर उठाया कदम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष के चुनाव के बाद पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा की है। साक्षी मलिक के इस फैसले तहलका मच गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को दौरान कुश्ती छोड़ने का फैसला किया। उन्होंने देशवासियों के समर्थन और प्यार के लिए धन्यवाद दिया। साक्षी ने नए अध्यक्ष के चुनाव पर अपनी नाराजगी जताई है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पहलवान साक्षी मलिक ने कहा, हम 40 दिनों तक सड़कों पर सोए और देश के कई हिस्सों से बहुत सारे लोग हमारा समर्थन करने आए। अगर बृजभूषण सिंह के बिजनेस पार्टनर और करीबी सहयोगी इस फेडरेशन में रहेगा, तो मैं अपनी कुश्ती को त्यागती हूं... हमारी लड़ाई जारी रहेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान साक्षी मलिक भावुक दिखीं और रोते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस को बीच में छोड़ दिया। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस छोड़ने से पहले सरकार और भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव पर जमकर अपनी भड़ास निकाली।

प्रेस कॉन्फ्रेंस छोड़ने से पहले साक्षी ने कहा, मैंने देश के लिए जितने भी पुरस्कार जीते हैं आप सब के आशीर्वाद से जीते हैं, मैं आप सभी देशवासियों की हमेशा आभारी रहुंगी। कुश्ती को अलविदा। बहुत साल लगे ये हिम्मत बनाने के लिए ये लड़ाई लड़ने के लिए। आप सभी को मालूम है कि कुश्ती संघ का अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का राइट हैंड बना है।

वहीं, पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के सहयोगी संजय सिंह को डब्ल्यूएफआइ का नया अध्यक्ष चुने जाने पर पहलवान विनेश फोगाट ने कहा, उम्मीदें बहुत कम हैं लेकिन हमें उम्मीद है कि हमें न्याय मिलेगा। यह दुखद है कि कुश्ती का भविष्य खतरे में है।

### सरकार ने नहीं पूरा किया अपना वादा

साक्षी ने आगे कहा, अगर महिला अध्यक्ष होती तो महिला खिलाड़ियों का शोषण नहीं होगा। न ही पहले महिलाओं की भागेदारी थी और ना ही अब। आप पूरी लिस्ट उठाकर देख लो। महिलाओं को कोई स्थान नहीं दिया गया है। ये लड़ाई जारी रहेगी, आने वाली पीढ़ियों को भी ये लड़ाई लड़नी पड़ेगी।

# जेबकतरा वाली टिप्पणी में बुरे फंसे राहुल गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह को जेबकतरा कहने वाले बयान पर राहुल गांधी बुरी तरह घिर गए हैं। इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को चुनाव आयोग को आदेश दिया कि राहुल गांधी के खिलाफ नियम के मुताबिक कार्रवाई की जाए। राहुल गांधी ने एक कार्यक्रम में गौतम अडानी का जिक्र करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर विवादित टिप्पणी की थी।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हालांकि कथित बयान ठीक नहीं है इसलिए चुनाव आयोग मामले की जांच करे, इस संबंध में यहां तक कि राहुल गांधी को नोटिस भी जारी किया है। दिल्ली उच्च न्यायालय की पीठ ने आदेश दिया, यह मानते हुए कि जवाब दाखिल करने की समय सीमा समाप्त हो गई है और कोई जवाब नहीं मिला है, अदालत चुनाव आयोग को मामले की उचित कार्रवाई का निर्देश देती है। बता दें अदालत ने कहा कि 23 नवंबर को भेजे गए नोटिस में चुनाव आयोग ने खुद कहा था कि वह इस मामले में उचित कार्रवाई करेगा। याचिकाकर्ता ने बताया कि राहुल ने 22 नवंबर को पीएम सहित उच्चतम पदों पर बैठे व्यक्तियों के खिलाफ जघन्य आरोप लगाते हुए एक भाषण दिया।

### आदेश

■हाईकोर्ट ने दिया ऐक्शन का आदेश

### क्या बोले थे राहुल गांधी?

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 21 नवंबर को दिए अपने बयान में कहा, पीएम का मतलब पनौती मोदी है। मोदी टीवी पर आते हैं और हिंदू–मुस्लिम कहते हैं और कभी–कभी क्रिकेट मैच में चले जाते हैं, वो अलग बात है कि हरवा दिया। ऐसे ही दो जेबकतरे होते हैं, एक आता है, आपके सामने आपसे बात करता है, आपका ध्यान भटकाता है. तब तक पीछे से कोई दूसरा जेब काट लेता है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# देश में कोरोना ने फिर बढ़ाई टेंशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नोएडा। नोएडा सेक्टर–36 में रहने वाले एक व्यक्ति व्यक्ति जांच के दौरान कोरोना पॉजिटिव मिला है। नेपाल से लौटे से व्यक्ति ने प्राइवेट लैब में कोरोना संक्रमण के लक्षण दिखने पर जांच के लिए नमूने दिए थे। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्यक्ति से संपर्क कर होम आइसोलेशन की गाइडलाइन के साथ कोविड प्रोटोकाल का पालन करने की सलाह दी गई है। वहीं केरल समेत दक्षिण भारत के दूसरे राज्यों में कोरोना के केस बढ़ने के बाद विभाग की ओर से सतर्कता बरती जा रही है।

### नेपाल से आया व्यक्ति जांच में मिला कोरोना संक्रमित

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक गुरुग्राम स्थित एमएनसी में काम करने वाला एक व्यक्ति कंपनी की निर्देशन पर नेपाल गया था। करीब एक सप्ताह पूर्व नेपाल से लौटने पर कोविड जांच कराई थी।

विभाग की ओर से कोरोना सैंपलिंग एक बार फिर से बढ़ा दी गई है। बृहस्पतिवार को जिला अस्पताल में 30 से अधिक संदिग्धों की जांच की गई है। ज्यादातर जांच में आइएलआइ के मरीज शामिल रहे।

## न्यूज डायरी



### ताइवान को चीन की मुख्य भूमि के साथ फिर से जोड़ेगा बीजिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सैन फ्रांसिस्को। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन को चेतावनी दी है कि बीजिंग ताइवान को मुख्य भूमि चीन के साथ फिर से जोड़ देगा लेकिन समय अभी तय नहीं हुआ है। तीन वर्तमान और पूर्व अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, जिनपिंग ने सैन फ्रांसिस्को में अपने हालिया शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति बाइडन को चेतावनी दी थी। अधिकारियों ने कहा कि एक दर्जन अमेरिकी और चीनी अधिकारियों की एक समूह बैठक में जिनपिंग ने बाइडन से कहा कि चीन की प्राथमिकता ताइवान को शांति से लेना है, बलपूर्वक नहीं। चीनी राष्ट्रपति ने अमेरिकी सैन्य नेताओं की सार्वजनिक भविष्यवाणियों का भी हवाला दिया, जो कहते हैं कि जिनपिंग 2025 या 2027 में ताइवान पर कब्जा करने की योजना बना रहे हैं। दो वर्तमान और एक पूर्व अधिकारी के अनुसार, उन्होंने बाइडन को बताया कि वे गलत थे, क्योंकि उन्होंने बैठक की कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की है। चीनी अधिकारियों ने शिखर सम्मेलन से पहले यह भी कहा था कि बाइडन बैठक के बाद एक सार्वजनिक बयान दें, जिसमें कहा गया हो कि अमेरिका ताइवान के साथ शांतिपूर्ण एकीकरण के चीन के लक्ष्य का समर्थन करता है और ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करता है। व्हाइट हाउस ने चीनी अनुरोध को खारिज कर दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के एक प्रवक्ता ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### गृहयुद्ध की आग जल रहा भारत का पड़ोसी, बड़ा खतरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रंगून। भारत का पड़ोसी देश म्यांमार इस समय गृहयुद्ध की भयानक आग में जल रहा है। देश के कई इलाकों में विद्रोहियों ने कब्जा कर लिया है और म्यांमार की सेना को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। म्यांमार के राष्ट्रपति खुद इस बात को कबूल कर चुके हैं कि देश के कई हिस्सों में बंटने का खतरा पैदा हो गया है। अब आलम यह है कि एक तरफ जहां म्यांमार के विद्रोही चीन और भारत की सीमा के पास अपनी पकड़ मजबूत करते जा रहे हैं, वहीं जुंटा की सरकारी सेना को कई इलाकों से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इस बीच विशेषज्ञों का कहना है कि चीन म्यांमार में बड़ा खेल कर रहा है और सरकारी सेना तथा विद्रोही दोनों को हथियार और समर्थन देकर फूट डालो और राज करो अंग्रेजों की नीति पर चल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक म्यांमार में जब साल 2021 में आंग सांग सू की की सरकार को सैन्य जुंटा ने हटा दिया था तब इसे चीन ने कैबिनेट में बड़ा बदलाव करार दिया था। इस खूनी क्रांति के बाद म्यांमार के अंदर गृहयुद्ध भड़क उठा। इस लड़ाई में अब तक हजारों की तादाद में लोग मारे जा चुके हैं। करीब 20 लाख लोगों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। वहीं म्यांमार की सैन्य जुंटा सरकार पर अब मानवता के खिलाफ अपराध करने के आरोप लग रहे हैं।

### अमेरिका की वजह से भारत के रिश्तों में आया बदलाव


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा है कि भारत और कनाडा के रिश्तों में अचानक बदलाव देखा जा रहा है। यह बदलाव तब आया जब अमेरिका ने भारत पर आरोप लगाए कि अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या करने के लिए भारत सरकार के कर्मचारी ने एक व्यक्ति से संपर्क किया था। जस्टिन ट्रूडो कनाडा के न्यूज चौनल सीबीसी न्यूज को साक्षात्कार देते हुए कहा कि शायद भारत को यह अहसास हो चुका है कि वो हमेशा आक्रमक रुख अख्तियार नहीं कर सकते। इसलिए भारत में सहयोग करने की भावना आ चुकी है। ट्रडो का मानना है कि अमेरिका के कड़े रुख की वजह से भारत में यह बदलाव आया है। ट्रूडो ने आगे कहा कि हम भारत के साथ टकराव नहीं चाहते और रिश्ते बेहतर बनाना चाहते हैं। हम इंडो–पैसिफिक रणनीति को आगे बढ़ाना चाहते हैं। लेकिन कनाडा के लिए लोगों के अधिकारों, लोगों की सुरक्षा और कानून के शासन के लिए खड़ा होना हमारा कर्तव्य है। दरअसल, पिछले कुछ महीनों से कनाडा और भारत के रिश्तों में खटास बनी हुई है। कनाडा ने भारत पर आरोप लगाया है कि खालिस्तान समर्थक नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत के एजेंसियों का हाथ है।

# हमने अपने पैर पर खुद कुल्हाड़ी मारी

## भारत के कसीदे पढ़ते दिखे नवाज शरीफ, पाकिस्तान की ही कर दी फजीहत

**नसीहत**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने एक बार फिर भारत की सराहना की है। पूर्व पीएम इस्लामाबाद में पीएमएल–एन कैडर को संबोधित कर रहे थे। इस बीच उन्होंने पार्टी कैडर को प्रोत्साहित करने के प्रयास में भारत की प्रशंसा की। नवाज शरीफ ने भारत की सराहना करते हुए कहा कि आसपास के देश चंद्रमा पर पहुंच गए हैं लेकिन पाकिस्तान अभी भी धरती से उठ नहीं पाया है।

देश की गंभीर आर्थिक स्थिति की ओर इशारा करते हुए, पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल–एन) सुप्रीमो ने कहा कि पाकिस्तान अपने पतन के लिए खुद जिम्मेदार है। शरीफ ने कहा, हमारे पड़ोसी चांद पर पहुंच गए हैं लेकिन हम अभी तक जमीन से ऊपर भी नहीं उठ पाए हैं। यह ऐसे ही जारी नहीं रह सकता। हम अपने पतन के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं, अन्यथा यह देश एक अलग स्थान पर पहुंच गया होता। चौथी बार प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल नवाज शरीफ ने अपने संबोधन में कहा, 2013 में हम बिजली की भारी कटौती का सामना कर रहे थे। हमने आकर इस बिजली की समस्या को खत्म किया, पूरे देश से आतंकवाद का खत्मा किया, कराची में शांति बहाल की, राजमार्ग बनाए गए, सीपीईसी आया और विकास और समृद्धि का एक नया युग शुरू हुआ। एआरवाई न्यूज के अनुसार, नवाज शरीफ ने बताया कि उन्हें तीन बार सत्ता से बेदखल किया गया 1993, 1999 और 2017 में। शरीफ से पूछा कि पाकिस्तान में मौजूदा संकट के लिए अब किसे जिम्मेदार ठहराया जाए, हमने अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार ली है।

पीएमएल–एन सुप्रीमो ने कहा कि 2014 में उनकी सरकार के दौरान मुद्रास्फीति कम थी और इस्लामाबाद के आबपारा में एक रोटी 2 पीकेआर (पाकिस्तानी रुपये) में मिलती थी, जो अब 30 पीकेआर तक पहुंच गई है। शरीफ ने पाकिस्तान से यह भी आह्वान किया कि अगर देश विकसित होना चाहता है तो वह महिलाओं के विकास को प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा, हर देश जो विकसित हुआ है, उसने विकास में महिलाओं को प्राथमिकता दी है, उन्होंने महिलाओं को विकास के लिए आगे लाया है। मुझे लगता है कि महिलाओं को विकास में समान भागीदार बनना होगा। यहां भी महिलाओं को पुरुषों के साथ–साथ आगे बढ़कर इस देश की सेवा में काम करना होगा।"

## चांद पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री उतारेगा अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका ने नासा के आर्टेमिस मिशन के तहत एक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री को भी चंद्रमा की सतह पर उतरने का फैसला किया है। अमेरिका की ओर से कहा गया है कि अपने देश के यात्रियों के साथ वह मिशन में एक अंतरराष्ट्रीय यात्री को भी चंद्रमा पर उतरने का मौका देगा। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने बुधवार को ये घोषणा की है। अमेरिका ने आर्टेमिस मिशन के तहत चंद्रमा पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्रियों को उड़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई थी। जिसके बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति की ओर से ये अहम ऐलान हुआ है। अमेरिका के साथ कई देश इस मिशन का हिस्सा हैं, इन देशों में भारत भी शामिल है।

हैरिस ने वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय अंतरिक्ष परिषद की बैठक के दौरान कहा, आर्टेमिस मिशन में हमारे सहयोगियों और साझेदारों ने एक शानदार भूमिका निभाई है। मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ हम दशक के अंत तक चंद्रमा की सतह पर एक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री को उतारने का इरादा रखते हैं। इस बैठक में विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन भी शामिल थे।



### क्वाड की वजह से भारत-अमेरिका के रिश्ते बेहतर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। भारत और अमेरिका के रिश्ते क्वाड की वजह से लगातार नए–नए आयाम को छूते जा रहे हैं। अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि अमेरिका ने भारत के साथ अपनी साझेदारी को गहरा किया है। उन्होंने कहा कि देश ने क्वाड के माध्यम से भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ सहयोग बढ़ाया है। अमेरिकी विदेश सचिव ने कहा, हमने भारत के साथ अपनी साझेदारी को गहरा किया है। हमने भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड के माध्यम से सहयोग बढ़ाया है। बता दें कि क्वाड ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच एक राजनयिक नेटवर्क है। उन्होंने कहा कि अमेरिका परमाणु चालित पनडुब्बियों के उत्पादन के लिए ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ काम कर रहा है।

# भारत हमेशा अफगान के लोगों के प्रति प्रतिबद्ध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**रुचिरा कंबोज ने अफगानिस्तान की स्थिति पर डाला प्रकाश**



न्यूयॉर्क सिटी। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने अफगानिस्तान के लोगों की समस्याएं और भारत की उसके प्रति प्रतिबद्धता को संयुक्त राष्ट्र के सामने रखी। अफगानिस्तान जो पहले से ही आतंकवाद और प्राकृतिक आपदाओं जैसी बाधाओं से जूझ रहा है। रुचिरा कंबोज ने भारत की तरफ से अटूट प्रतिबद्धता दोहराई है और देश के लिए निरंतर अंतरराष्ट्रीय ध्यान और समर्थन की आवश्यकता पर बल दिया है।

कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को अफगानिस्तान की स्थिति पर जानकारी देते हुए यह कहा, अफगानिस्तान के एक करीबी पड़ोसी के रूप में, वहां के लोगों के मित्र के रूप में और अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने में प्रत्यक्ष हिस्सेदारी रखने वाले एक देश के रूप में, मुझे परिषद के समक्ष निम्नलिखित टिप्पणियां रखने की अनुमति दें।

उन्होंने अक्टूबर 2023 में आए भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण बिगड़ती मानवीय स्थितियों के बारे में विशेष चिंता व्यक्त करते हुए अफगानिस्तान की स्थिति के बारे में चल रही चिंताओं पर प्रकाश डाला। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस साल की शुरुआत में अक्टूबर में पश्चिमी अफगानिस्तान में आए 6.3 तीव्रता के भूकंप में 320 से अधिक लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने अफगानिस्तान की स्थिति के बारे में चल रहे मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए कहा, ष्अफगानिस्तान में स्थिति अभी भी चिंता का विषय है। बिगड़ती मानवीय स्थिति, अक्टूबर 2023 के भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण लोगों के जीवन पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है।

### निर्दोष लोगों की हत्या पर इमैनुएल मैक्रों चिंतित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। इजरायली सेना लगातार गाजा में सैन्य कार्रवाई कर रही है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि आईडीएफ गाजा के हर हिस्सों में हमास के खिलाफ लड़ रहे हैं। वहीं, अमेरिका, फ्रांस सहित कई पश्चिमी देश इजरायल पर युद्धविराम लगाने का दबाव बना रहे हैं। युद्ध के बीच गाजा में फंसे निर्दोष फलस्तीनी नागरिकों पर हो रहे अत्याचार से पूरी दुनिया चिंतित है। इसी बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इजरायल को सलाह देते हुए कहा कि आतंकवाद से लड़ने का यह मतलब नहीं है कि गाजा को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया जाए। आतंकवाद के खिलाफ लड़ने का यह मतलब नहीं कि निर्दोष लोगों पर हमले किए जाएं। जानकारी के मुताबिक, इजरायल द्वारा शुरू किए गए सैन्य कार्रवाई में अब तक 20,000 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाए

**बैठक**

## सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन ने अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की ली बैठक

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचे उत्तराखंड शासन के कार्यक्रम क्रियान्वयन सचिव दीपक कुमार ने एक स्थानीय होटल में जनपद में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को योजनाओं का सफलता पूर्वक संचालन करते हुए प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों का बढ़ावा देने एवं उद्यानीकरण के क्षेत्र में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है। उन्होंने जनपद में पर्यटन गतिविधियों के अन्तर्गत ईको टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म को बढाने, पैराग्लाइडिंग के लिए साइट सेलेक्शन करने और शादी विवाह के लिए



त्रियुगीनारायण में वेडिंग डेस्टिनेशन्स तैयार करने पर जोर दिया। उद्यानीकरण क्षेत्र में किसानों को जड़ी बूटी की खेती का प्रशिक्षण देने की बात कही।

सचिव ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से एनआरएलएम के तहत बेहतर कार्य कर रहे समूहों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए तथा समूहों को एक लाख से अधिक आय करने वाले समूह को लखपति दीदी योजना के लिए भी प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन व्यक्तियों के अभी तक आयुष्मान कार्ड तैयार नहीं किए गए हैं उसके लिए जिला पूर्ति विभाग द्वारा राशन कार्ड का डाटा तैयार कर उपलब्ध कराते हुए वंचित व्यक्तियों के कार्ड 15 जनवरी, 2024 तक अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए ताकि कोई भी व्यक्ति आयुष्मान योजना से वंचित न रहे। उन्होंने उद्यानीकरण के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे लाभार्थियों की सूची भी तैयार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को भू–धंसाव वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए ताकि ऐसे क्षेत्रों के लिए जल्द से जल्द कार्ययोजना तैयार करते हुए उचित कार्यवाही की जा सके। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति योजना से वंचित न रहे तथा जिन गांवों में कार्य किया जा रहा है उसे शीर्ष प्राथमिकता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

सचिव ने कहा कि विभागों ने जो प्रस्ताव अपने मुख्यालय भेजे हैं और मुख्यालय से शासन को नही भेजे गए हैं, उनको तत्काल शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। सचिव ने कृषि और उद्यान विभाग को निर्देशित किया कि बंजर खेती को पुनर्जीवित करने के लिए मृदा परीक्षण करते हुए गैर परंपरागत फसलों का उत्पादन शुरू किया जाए।

## न्यूज डायरी

### अगस्त्यमुनि विशेषज्ञ हेल्थ मेले में 155 की जांच

**संवाददाता** रूद्रप्रयाग। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्तयमुनि में विशेषज्ञ हेल्थ मेले का आयोजन किया गया। हेल्थ मेले में 155 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जबकि 18 ग्रामीणों को अल्ट्रासाउंड व 62 को लैब टेस्ट की सेवा प्रदान की गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विमल सिंह गुसाईं ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच प्रत्येक लाभार्थी तक सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ चल रहे आयुष्मान भवः अभियान गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में विशेषज्ञ हेल्थ मेले का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि हेल्थ मेले में फिजिशियन डा. अरविंद नौटियाल द्वारा 65 , नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 गरिमा द्वारा 25, नाक, कान गला रोग विशेषज्ञ डा0 सोनाली जोशी द्वारा 28, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा0 ख्याती मेंहदीरत्ता द्वारा 18, बाल रोग विशेषज्ञ डा0 अशोक शर्मा द्वारा 15 व मनोरोग विशेषज्ञ डा0 सुरभि अग्रवाल द्वारा 04 की जांच की।

### योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान

**संवाददाता** चमोली। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत गुरुवार को नगर पालिका परिषद गोपेश्वर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभागीय कर्मचारियों ने स्थानीय लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जन प्रतिनिधियों ने सभी योजनाओं के छूटे पात्र लाभार्थियों से यात्रा का सदुपयोग कर योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। नगर पालिका गोपेश्वर की ओर से गोपेश्वर बस स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुवीर बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जहां संकल्प यात्रा के डिजिटल वाहन से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### एमेजॉन इंडिया ने भारतीय तटरक्षक बल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**संवाददाता** देहरादून। आज एमेजॉन इंडिया ने पूर्व–सैनिकों को कंपनी में नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय तट रक्षक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जो कंपनी में एक समावेशी कार्यस्थल बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है एमेजॉन इंडिया में काम करने वाले लोगों में विविधता, समानता और समावेशन पर निरंतर ध्यान दिया जाता है ताकि अलग–अलग लोगों के दृष्टिकोण को महत्व व सम्मान मिल सके कंपनी एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देती है जो विकास के लिए अनुकूल हो और लोगों को अपनी पूरी क्षमता के साथ सबसे बेहतर काम करने में समर्थ बनाए।

# योजनाओं को शीर्ष प्राथमिकता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जनपद में विभिन्न रेखीय विभागों के माध्यम से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत किए जा रहे कन्वर्जन के विकास कार्यों की मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने विभागवार प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने संचालित योजनाओं के तहत जो भी कार्य किए जा रहे हैं सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं को समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

जनपद में मनरेगा के अंतर्गत विभिन्न रेखीय विभागों के माध्यम से किए जा रहे विकास कार्यों की मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता कर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर जिसमें विभागवार कृषि, रेशम, लघु सिंचाई, मत्स्य, उद्यान, पंचायतीराज, चाय विकास बोर्ड, पशुपालन, सिंचाई आदि विभागों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा के अंतर्गत उनके द्वारा जो भी मनरेगा के अंश एवं विभागीय अंश के तहत जो भी कार्य किए जा रहे हैं उन कार्यों को सभी रेखीय विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करते हुए पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि जिन विभागों द्वारा योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है उनमें योजना से संबंधित सफलता की कहानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



### 25 से 26 दिसंबर तक चलेगा सती शिरोमणि माता अनुसूया मेला

**संवाददाता** चमोली। अनुसूया मेले के सफल संचालन को लेकर नायब तहसीलदार धीरज राणा ने दशोली ब्लॉक सभागार में मन्दिर समिति के पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दो दिवसीय सती शिरोमणि माता अनुसूया मेला 25 दिसंबर से 26 दिसंबर तक चलेगा। तहसीलदार ने लोनिवि को पैदल मार्ग, मन्दिर परिसर से अत्री मुनि आश्रम मार्ग तथा खल्ला मंडल की सड़क को दुरस्त करने के निर्देश दिए। मंन्दिर परिसर व पैदल मार्ग में पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के लिए जल संस्थान, अलाव की व्यवस्था हेतु वन विभाग, शांन्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग तथा मन्दिर की साज–सज्जा के लिए फूल मालाओं की व्यवस्था करने हेतु उद्यान विभाग को निर्देशित किया।

# आगामी चारधाम यात्रा को सरल और सुरक्षित बनाने के लिए समर्पित सिस्टम करें तैयार

**संवाददाता** चमोली। जनपद में आगामी चारधाम यात्रा को सरल, सुगम और सुरक्षित बनाने को लेकर गुरूवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें पिछले यात्रा अनुभवों और मौजूदा व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई और यात्रा सिस्टम को सशक्त बनाने के लिए सभी के सुझाव भी लिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि विगत चारधाम यात्रा में देश दुनियां से रिकार्ड श्रद्वालु बद्रीनाथ और हेमकुंड धाम पहुंचे है। हर साल श्रद्वालुओं की संख्या बढ रही हैं। ऐसे में चारधाम यात्रा सिस्टम को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाया जाना बेहद आवश्यक है। जिसके लिए अभी



से तैयारी की जानी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि बद्रीनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिए मंदिर आने जाने वाले क्षतिग्रस्त पैदल मार्गो का नवनिर्माण किया जाए। मास्टर प्लान निर्माण कार्यो के दौरान क्षतिग्रस्त सीवर लाइन की मरम्मत हेतु शीघ्र प्लान तैयार करने और श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए स्वच्छ पेयजल हेतु पर्याप्त संख्या में वाटर एटीएम लगाने के निर्देश जल संस्थान को दिए। विद्युत विभाग को बद्रीनाथ में विद्युत पोलों की शिफ्टिंग कार्य पूरा करने को कहा।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान ट्रैफिक मैनेजमेंट, नए पार्किंग स्थलों के चयन, आवास एवं यात्रियों की सुविधा के लिए साइनेज के साथ संचार व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। आईएनआई डिजाइन से समन्वय करते हुए मंदिर के पास सीसीटीवी कक्ष तैयार किया जाए। यात्री पंजीकरण, टोकन काउंटर, इको शुक्ल के लिए पाण्डुकेश्वर में व्यवस्था की जाए और गौचर में संचालित काउंटरों पर वाई–फाई, विद्युत, शौचालय व्यवस्था की जाए। स्वास्थ्य विभाग को बद्रीनाथ तथा हेमकुंड यात्रा मार्ग पर बेसिक मेडिकल उपकरणों सहित चिकित्सकों की तैनाती हेतु अभी से प्लान तैयार करने को कहा।

### ऋषिकेश आने वाले पर्यटक अब फ्लाइंग सफारी का उठा सकेंगे लुफ्त

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश आने वाले पर्यटक अब फ्लाइंग सफारी का लुफ्त उठा सकेंगे,वही लाइट स्पोर्ट्स एयरक्राफ्ट से हवाई सहर शिवम् ऐरो स्पोर्ट्स एंड एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाइंग सफारी इंडिया ) जो की हरिद्वार देहरादून नेशनल हाईवे माजरी ग्रांट में स्थित है। जिसे जनवरी 2023 में,मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड टूरिज्म मिनिस्टर सतपाल महाराज के संरक्षण में कंपनी को पंजीकरण प्राप्त हुआ है। बता दे की उत्तराखंड में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सरकार राज्य के कई जगह पर साहसिक एडवेंचर एक्टिविटी को स्टार्ट करने की पहल कर रही है। जिससे राज्य में पर्यटन का स्तर बेढंगा और यह पहल क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने में भी काफी मदद करेगी। राज्य में अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कंपनी लाइट स्पोर्ट्स एयरक्राफ्ट पावर पैराशूट पैरामोटरिंग एक्टिविटी को वर्तमान में संचालित कर रही है।

# राष्ट्रहित का सवाल

**न सिर्फ महुआ और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस बल्कि समूचा विपक्ष उनके साथ आक्रामक मुद्रा में खड़ा दिख रहा है। कारण शायद यह है कि महुआ पर लगे आरोपों के पीछे वे लोग हैं, जिनके पास उनसे नाराजगी की वजहें पहले से रही हैं।**

अनुज सनवाल।।

तृणमूल कांग्रेस पार्टी की नेता महुआ मोइत्रा का संसद से निष्कासन एक बड़ी घटना है। बेशक उन पर लगे आरोप गंभीर हैं, लेकिन आरोप–प्रत्यारोप से अलग हटकर देखें तो कई और वजहें भी हैं, जिनसे यह घटना राजनीति के साथ–साथ सामाजिक परिवेश को भी लंबे समय तक उद्वेलित करती रहेगी।

महुआ मोइत्रा पर न केवल निजी फायदे लेकर संसद में सवाल पूछने का बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा को दांव पर लगाने का भी आरोप है। कैश का लेन–देन अभी स्थापित नहीं हुआ है, लेकिन मेकअप के सामान गिफ्ट के रूप में लेने की पुष्टि खुद मोइत्रा कर चुकी हैं। ऐसे ही लोकसभा की वेबसाइट के लॉगइन और पासवर्ड शेयर करने की बात भी वह मान चुकी हैं।

इतने गंभीर आरोपों को आंशिक रूप से ही सही, लेकिन कबूल कर लेने के बाद स्वाभाविक यही होता कि महुआ मोइत्रा और उनकी तरफदारी कर रहे लोग बचाव की मुद्रा में दिखाई देते। लेकिन न सिर्फ महुआ और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस बल्कि समूचा विपक्ष उनके साथ आक्रामक मुद्रा में खड़ा दिख रहा है। कारण शायद यह है कि महुआ पर लगे आरोपों के पीछे वे लोग हैं, जिनके पास उनसे नाराजगी की वजहें पहले से रही हैं।



यह प्रकरण इस लिहाज से भी खास है कि इसमें आरोपों से जुड़े तथ्यों को लेकर अभियोजन और बचाव पक्ष के स्टैंड में ज्यादा अंतर नहीं है। दोनों पक्ष उन तथ्यों पर सहमत हैं, फिर भी एक पक्ष उसे गंभीर अपराध बता रहा है और दूसरा उसे अपराध मानने से इनकार कर रहा है। जाहिर है, सजा दिए जाने के बाद भी इस मामले पर बहस नहीं खत्म होने वाली।

राजनीति में आने से पहले भी महुआ मोइत्रा का शानदार करियर रहा है। वह अपनी शर्तों पर जिंदगी जीने के लिए जानी जाती रही हैं। इस विवाद के साथ भी उनकी पर्सनल लाइफ के कुछ पहलू जोड़े गए, जिन्हें लेकर महुआ कतई डिफेंसिव नहीं रहीं। ऐसे में महिलाओं और लड़कियों का एक हिस्सा इस प्रकरण को इस रूप में भी देख सकता है कि क्या देश की मौजूदा राजनीति का पुरुषवादी स्वरूप एक मुखर और आजाद ख्याल महिला को बर्दाश्त नहीं कर पाया?

जाहिर है इस प्रकरण से उपजे सारे सवालों के जवाब तत्काल नहीं मिलने वाले। कुछ जवाबों के लिए इंतजार करना होगा। लेकिन इतना तय है कि यह प्रकरण लंबे समय तक एक मिसाल के रूप में नागरिकों के अलग–अलग समूहों की याददाश्त में अलग–अलग वजहों से गूंजता रहेगा।

फिलहाल तो इसने हालिया चुनावों में हार के बाद विपक्ष को एकजुट होने का एक मौका मुहैया कराया है। यह भी लग रहा है कि महुआ की पार्टी ज्डब और विपक्ष इसे राजनीतिक रूप से भुनाने की कोशिश जरूर करेगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि उन्हें इसमें कामयाबी मिलती है या नहीं।

## गहरा गड्ढा

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।**

एक बार कुछ मेंढक एक जंगल से गुजर रहे होते हैं। जंगल में एक जगह बहुत गहरा गड्ढा है। मेंढकों के दल में से दो इस गड्ढे में गिर जाते हैं। ऊपर से उनके साथी मेढक इन दोनों को देख रहे होते हैं। जब वे देखते हैं कि दोनों बार–बार वापस गिर रहे हैं, तो अपना धैर्य खो देते हैं और चिल्लाकर उन दोनों मेंढकों को बोलते हैं– अरे भाइयो, यह गड्ढा बहुत गहरा है। तुम ख्वाहमखाह बाहर निकलने की कोशिश कर खुद को तकलीफ दे रहे हो। बेहतर है कि नीचे जाकर पड़े रहो और अपने आप प्राण निकलने दो। तुम बाहर तो कुछ करके नहीं आ सकते। वे बार–बार चिल्लाते हैं। कुछ देर में दोनों मेंढक थककर निढाल हो जाते हैं। एक मेंढक दोस्तों की बात पर यकीन कर ज्यादा हतोत्साहित हो जाता है और गड्ढे में और नीचे पहुंचकर मर जाता है।

## संपादकीय

### आगे की राह

यह सही है कि 2018 में बीजेपी इन चारों राज्यों के चुनाव हार गई थी। लेकिन उसके कुछ महीने बाद ही लोकसभा चुनाव हुए और इन सभी राज्यों में बीजेपी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। यानी विधानसभा चुनाव का असर लोकसभा चुनाव के नतीजों पर नहीं पड़ा। लेकिन इस बार बीजेपी उत्तर भारत के राज्यों की इस जीत का पूरा श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी को दे रही है। इस जीत को मोदी की जीत बताया जा रहा है। खुद पीएम मोदी ने इस जीत को आगामी लोकसभा चुनावों में हैट्रिक की गारंटी करार दिया है। ये दावे अपनी जगह हैं, लेकिन इतना तय है कि अगर यह मोदी लहर कायम रही तो कम से कम नॉर्थ इंडिया में विपक्ष की राह मुश्किलों से भरी होगी। जाहिर है, उत्तर भारत में जबर्दस्त हार झेलने वाली कांग्रेस को तेलंगाना में मिली अप्रत्याशित जीत का बहुत अच्छी तरह से अध्ययन करना चाहिए। कांग्रेस ने उत्तर भारत में चुनाव थके–हारे चेहरों को लेकर लड़ा। प्रचार की अगुआई करते भी वही लोग दिखे। इसके उलट सीएम के चेहरे को लेकर बीजेपी का सस्पेंस काम कर गया। इन नतीजों के बाद बीजेपी प्लस की 16 राज्यों में सरकारें बन गई हैं तो कांग्रेस प्लस 5 पर ही सिमट गए हैं।

**इन राज्यों में जिस तरह से कांग्रेस के पैरों तले की जमीन खिसकी है, उसने दो बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।**

# तीसरे का क्या काम

अल्पयू सिंह।।

चार राज्यों के चुनाव नतीजे सामने हैं। इनमें तीन उत्तर भारतीय राज्यों के परिणाम देश की राजनीति में एक नए तरह के बदलाव का संकेत दे रहे हैं। ये बता रहे हैं कि मल्टी पार्टी सिस्टम और खिचड़ी सरकारों के दौर से निकलकर राजनीति अब साफ–साफ टू पार्टी सिस्टम की ओर बढ़ रही है। इन राज्यों में जिस तरह से कांग्रेस के पैरों तले की जमीन खिसकी है, उसने दो बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। एक तो यह कि आखिर गलतियां कहां हुईं और दूसरा यह कि मोदी वेव के बीच कांग्रेस के सामने क्या चुनौतियां हैं। उत्तर भारत के तीन में से दो राज्यों, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के चुनाव नतीजों ने साफ किया है कि वोटरों ने दो राष्ट्रीय पार्टियों को ही वोट दिया है। राजस्थान में हालांकि इंडियन नैशनल लोकदल ने 1 और भारत आदिवासी पार्टी ने 3 सीटें जीतीं। BSP को भी 2 सीटें मिलीं। लेकिन मुख्य मुकाबला यहां भी दो राष्ट्रीय दलों के बीच रहा।

ध्यान रहे, मध्य प्रदेश में AAP ने 70 से ज्यादा उम्मीदवार खड़े किए थे और एसपी भी वहां 46 सीटों पर लड़ी थी। कहा जा रहा है कि करीबी लड़ाई वाली कई सीटों पर एसपी ने हार–जीत के अंतर से ज्यादा वोट पाए। बसपा, एसपी और आप जैसे दलों के चुनाव मैदान में उतरने से विरोधी वोट बिखर गए, जिसका सीधा फायदा



बीजेपी को मिला। ऐसे में अगर कांग्रेस को मध्य प्रदेश में एसपी और राजस्थान में भारत आदिवासी पार्टी जैसे दलों का साथ मिला होता तो वह फायदे में रहती। यही वजह है कि चुनाव नतीजों के बाद एसपी ने कहा कि कांग्रेस को उसका घमंड ले डूबा। JDU भी कह रही है कि कांग्रेस को मान लेना चाहिए कि वह अकेले नहीं जीत सकती।

पूरे चुनाव में कांग्रेस बीजेपी की तैयार की गई पिच पर खेलती दिखी। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने बीजेपी के हिंदुत्व की पिच पर खेलने की कोशिश की। कमलनाथ और भूपेश बघेल ने सॉफ्ट हिंदुत्व के जरिए बीजेपी के खेल में उसे ही मात देने की कोशिश की। लेकिन जनता ने उन्हें इस खेल का प्रॉक्सी खिलाड़ी समझ नकार दिया। कांग्रेस में लंबे समय तक रहे गुलाम नबी आजाद ने नतीजों के बाद एक बयान दिया है कि कांग्रेस अपने आप को अल्पसंख्यकों का चैंपियन कहती रही, लेकिन उसके अजेंडे में मॉइनॉरिटी के मुद्दे नदारद ही रहे। राजस्थान की सोशल सिक्योरिटी और ओल्ड पेंशन के साथ–साथ छत्तीसगढ़ की गृहलक्ष्मी और 200 यूनिट फ्री बिजली स्कीम भी नहीं चली। लेकिन बीजेपी की 'लाडली बहना' चल गई। कांग्रेस का जातीय जनगणना का दांव सही नहीं पड़ा। मध्य प्रदेश में परंपरागत सवर्ण वोट बैंक भी बीजेपी के पाले में चला गया। मध्य प्रदेश में पिछले चुनाव के मुकाबले देखें तो कांग्रेस के वोट शेयर में बेहद मामूली सी गिरावट है। इस बार कांग्रेस को 40.40 फीसदी वोट मिले हैं जबकि पिछली बार 40.89 फीसदी वोट मिले थे। यानी वोट प्रतिशत मात्र 0.49 फीसदी घटा है। मगर बीजेपी को वहां इस बार 48.55 फीसदी वोट मिले हैं जो कि पिछली बार से 7 फीसदी ज्यादा हैं।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का वोट शेयर पिछली बार 43.90 फीसदी था तो इस बार उसे 42.23 फीसदी वोट मिले हैं। मगर बीजेपी को इस बार 46.27 फीसदी वोट मिले। जाहिर है, उसका वोट शेयर 13 फीसदी से ज्यादा बढ़ा। राजस्थान में बीजेपी ने 41.69 प्रतिशत वोट हासिल किए, जबकि कांग्रेस को 39.53 फीसदी वोट मिले। पिछली बार भले ही कांग्रेस जीती थी, लेकिन दोनों पार्टियों के वोट शेयर में अंतर सिर्फ 0.5 फीसदी का था। हालांकि इस बार बीजेपी के वोटिंग परसेंटेज में 2.92 फीसदी का सुधार हुआ है, जिसका फायदा उसे मिला।

### अष्टयोग-5052

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 1 | | 3 | 4 |
| 2 | 33 | | 34 | | 30 | |
| 3 | 5 | 4 | | 7 | | 2 |
| | 36 | | 32 | | 23 | 6 |
| 7 | | 5 | | 3 | | |
| | 36 | | 34 | 4 | 31 | |
| 1 | | 3 | | 5 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5051 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 33 | 1 | 36 | 6 | 27 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 30 | 1 | 26 | 6 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 6 | 36 | 6 | 32 | 4 | 34 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### अमीरी की गर्मी नहीं धैर्य की सीख देना जरूरी

**मोहन।** पिछले दिनों लखनऊ में हुए एक हादसे ने पूरे शहर को स्तब्ध सा कर दिया। अलसुबह सड़क पर स्केटिंग कर रहे एक महिला पुलिस अधिकारी के 12 साल के बेटे को एक तेज रफ्तार एक्सयूवी ने रौंद दिया। यह गाड़ी उस समय रईसजादे चला रहे थे। उनमें गाड़ी को तेज से तेज रफ्तार से दौड़ाने की शर्त लगी थी और इस शर्त के मद्देनजर ही वे इतनी सुबह गाड़ी लेकर घर से सड़क पर आए थे। उनकी शर्त ने न केवल एक मासूम की जान ली बल्कि एक परिवार को, खासतौर से उस बच्चे की मां को ऐसा जख्म दिया जो जिंदगी भर नहीं भर पाएगा। वैसे यह इस तरह का कोई पहला हादसा नहीं है। ऐसे हादसे अब आम होते जा रहे हैं। पिछले महीने भी लखनऊ में ऐसा ही एक हादसा हुआ था। एक नवजवान को तेज रफ्तार एसयूवी अपने साथ 100 मीटर तक घसीटती हुई चली गई। नवजवान का बचना असंभव था। वह नहीं बचा लेकिन इस घटना का सबसे दुखदाई पक्ष यह है कि आज तक न तो इस गाड़ी को पकड़ा जा सका और न ही उसे चलाने वालों को।






## झूठ बोल विदेश जाना चाह रही हैं रिया चक्रवर्ती?

सुशांत सिंह राजपूत के मौत मामले में आरोपी रिया चक्रवर्ती ने सीबीआई द्वारा जारी लुकआउट सर्कुलर नोटिस को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। एक्ट्रेस ने इसके साथ ही कोर्ट लुकआउट नोटिस को कुछ दिनों के लिए सस्पेंड करने की भी अपील की है। रिया ने अपनी याचिका में कहा है कि उन्हें काम के सिलसिले में 27 दिसंबर से 2 जनवरी तक दुबई की यात्रा करनी है। वह एक ब्रांड की एंबेसडर हैं और इसलिए उनका इससे जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल होना जरूरी है। दिलचस्प है कि सीबीआई ने कोर्ट में रिया की इस याचिका का ना सिर्फ विरोध किया है, बल्कि अदालत से यह भी कहा है कि रिया चक्रवर्ती जिस ब्रांड के एंबेसडर होने की बात कर रही हैं, वह उससे नहीं जुड़ी हैं। सीबीआई के मुताबिक, उस ब्रांड की एंबेसडर कियारा आडवाणी हैं। हालांकि, जांच एजेंसी ने कोर्ट से इस मामले की पूरी जांच कर पुष्टि के लिए भी समय मांगा है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बॉम्बे हाई कोर्ट को सूचित किया कि वह रिया चक्रवर्ती के ब्रांड से जुड़े होने के दावे की जांच कर रहा है। शिरसाट ने इसके साथ ही यह भी कहा कि सीबीआई को जो शुरुआती जानकारी मिली है, उसके मुताबिक, रिया चक्रवर्ती उक्त फूड ब्रांड की एंबेसडर नहीं हैं, बल्कि कियारा आडवाणी हैं।

## इस दिन शादी करने जा रही हैं आमिर की बेटी आइरा खान

बॉलीवुड एक्टर आमिर खान की बेटी आइरा जल्द ही शादी करने वाली हैं और अब फाइनल डेट भी सामने आ गई है। आइरा लंबे समय से सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर नुपुर शिखरे को डेट कर रही हैं। दोनों की सगाई पिछले साल 2022 में हुई थी और अब कपल का ये इंतजार खत्म होनेवाला है। दोनों बहुत जल्द शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। आइरा खान और नुपुर की शादी का कार्ड सामने आया है, जिसमें दोनों लिखा गया है कि वे अगले महीने 13 जनवरी 2024 को शादी के बंधन में बंध रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि उनकी शादी कहीं और नहीं बल्कि मुंबई में ही काफी ग्रैंड तरीके से हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेटी की शादी के लिए आमिर खान के साथ उनकी एक्स वाइफ रीना भी खूब तैयारियां कर रहीं हैं। खबर है कि इस शादी में कई बड़ी फिल्मी हस्तियां भी शामिल होंगी। शादी के वेन्यू को लेकर फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। शादी में तोहफा लाने से किया इनकार सामने आए कार्ड में लिखा गया है, अपनी बेटी आयरा और नुपुर की शादी में आपको न्यौता देते हुए बेहद खुशी हो रही है।

## रश्मिका मंदाना डीपफेक वीडियो केस में दिल्ली पुलिस ने किया 4 को गिरफ्तार



रश्मिका मंदाना डीपफेक वीडियो में 4 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को अरेस्ट किया है। बुधवार 20 दिसंबर को दिल्ली पुलिस ने बताया कि अभी जिसने वीडियो क्रिएट किया, उस मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। हालांकि जिन्हें अरेस्ट किया है, उन्हें पकड़ने में पुलिस को एक महीने लगे हैं। जब एक्ट्रेस का वीडियो वायरल हुआ था, तब केस दर्ज करवाया गया था। उसके बाद से ही छानबीन शुरू हो गई थी। हालिया रिपोर्टों से पता चलता है कि दिल्ली पुलिस ने बुधवार को वीडियो अपलोड करने में शामिल चार संदिग्धों की पहचान की। हालाँकि रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस का हवाला देते हुए, बताया कि इस म्मामले के पीछे के मास्टरमाइंड की तलाश जारी है। इस विवाद के बीच, रश्मिका को इंडस्ट्री में अपने दोस्तों से खूब सपोर्ट मिला था। अभिनेता अमिताभ बच्चन ने एआई पर नकेल कसने की बात कही थी। वहीं, मृणाल ठाकुर, नागा चौतन्य और चिन्मयी श्रीपदा सहित अन्य कलाकारों ने भी एक्ट्रेस का साथ दिया था। साथ ही उस वीडियो की निंदा की थी। रश्मिका मंदाना ने उस डीपफेक वीडियो पर रिएक्ट किया था। कहा था। उन्होंने कहा था, मुझे ये शेयर करते हुए वास्तव में बुरा लग रहा है। लेकिन मुझे ऑनलाइन फैलाए जा रहे मेरे डीपफेक वीडियो के बारे में बात करनी है।

# डरा देगा कटरीना कैफ और विजय सेतुपति का यह रूप

*कटरीना कैफ और विजय सेतुपति की फिल्म मैरी क्रिसमस की रिलीज का फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे थे। अब मेकर्स ने इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया है। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म के ट्रेलर को देखकर वैसा ही फील आ रहा है, जैसा उनकी पिछली फिल्मों श्अंधाधुनश और श्बदलापुरश में था। शुरुआत में जो कहानी एकदम रोमांटिक और परियों की दुनिया जैसी खूबसूरत लग रही है, असल में वह फरेब और धोखे से भरी है। मैरी क्रिसमस के ट्रेलर में ओपनिंग सीन ही दिमाग में कई सवाल पैदा कर देता है और यह बानगी भी पेश करता है कि इसमें थ्रिल और सस्पेंस किस हद तक जाने वाला है। एक तरफ कोई लड़की है, जो मिक्सी में गोलियां पीस रही है और दूसरी तरफ एक शख्स (शायद विजयसेतुपति) है, जो मिक्सी में शेक बना रहा है। इसके बाद सीन कट होता है।*

**मैरी क्रिसमस के ट्रेलर में क्या?**

एक आदमी के साथ एक छोटी बच्ची की परछाई नजर आती है। शायद वो आदमी उसी बच्ची से कह रहा है, जबसे ये दुनिया बनी है ना, हम सब एक ही पल की तलाश में हैं। और जब वो पल आता है तो समझ में आता है कि जैसे सैकड़ों साल से चलती हुई जिंदगी इसी पल के लिए थी। इसके बाद सीन कटकर कटरीना और विजय सेतुपति पर आ जाता है। दोनों मिलते हैं और तीन घंटों में ही एक-दूसरे के साथ सुनहरा वक्त बिता लेते हैं। पर इन तीन घंटों में विजय सेतुपति और कटरीना की जिंदगी किस कदर बदल जाती है और क्या-क्या खौफनाक होता है, वह होश उड़ा देता है।



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



**मैरी क्रिसमस का राजेश खन्ना कनेक्शन**

मैरी क्रिसमस के ट्रेलर में एक राजेश खन्ना वाला सीन भी है। विजय सेतुपति को कटरीना कैफ दो उंगलिया दिखाकर उनमें से कोई एक चुनने के लिए कहती हैं। विजय जब एक उंगली चुनते हैं तो कटरीना अपने पास मौजूद माचिस की डिब्बी का कार्ड पलटती हैं, जिस पर राजेश खन्ना की तस्वीर छपी है। उस पर लिखा है, द नाइट इज डार्केस्ट बिफोर द डॉन। अब इसका रेफरेंस क्या है, यह तो फिल्म देखने पर ही पता चलेगा।

**किसने किसको दिया धोखा? क्या है ट्विस्ट?**


अब किसने किसके साथ बुरा किया है या किसे धोखा मिला है? कौन मुजरिम है? कटरीना या विजय सेतुपति या कोई और? यह ट्रेलर देखकर अंदाजा लगाना काफी मुश्किल है। अगर बदलापुर और अंधाधुन देखी है, तो आप समझ ही जाएंगे कि श्रीराम राघवन अपनी इस नई फिल्म मैरी क्रिसमस को भी किस हद तक की थ्रिलर बनाया होगा। ट्रेलर में कटरीना और विजय सेतुपति के बीच एक किसिंग सीन भी है, जो उस वक्त का है, जब रात के 12 बजते ही वो साथ में क्रिसमस सेलिब्रेट करते हैं।

**12 जनवरी 2024 में रिलीज होगी श्मैरी क्रिसमसश**

मैरी क्रिसमस एक थ्रिलर फिल्म है, जिसमें आने वाले ट्विस्ट और सस्पेंस होश उड़ा देंगे। फिल्म 12 जनवरी 2024 में रिलीज होगी। इस फिल्म से कटरीना कैफ और डायरेक्टर श्रीराम राघवन तमिल सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। वहीं यह विजय सेतुपति की तीसरी हिंदी फिल्म है। इससे पहले विजय सेतुपति फर्जी और जवान में नजर आ चुके हैं। मैरी क्रिसमस में कटरीना कैफ और विजय सेतुपति के अलावा संजय कपूर, विनय पाठक और राधिका सरतकुमार समेत कई और सितारे हैं।

# नेपोटिजम पर नई वेब सीरीज शोटाइम का टीजर रिलीज

*जब-जब नेपोटिजम की बात हुई है, तब-तब फिल्ममेकर करण जौहर ही निशाने पर आए हैं। कंगना रनौत ने तो करण जौहर पर फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिजम को बढ़ावा देने का आरोप ही लगा दिया था। और अब करण जौहर ने इस सब्जेक्ट पर सीरीज ही बना डाली है। जी हां, करण जौहर अब एक नई वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम श्शोटाइमश है। इसमें इमरान हाशमी नजर आएंगे, जिन्होंने हाल ही टाइगर 3 में अपनी परफॉर्मेंस से सबको हैरान कर दिया था। करण जौहर की नई वेब सीरीज शोटाइम का टीजर भी रिलीज कर दिया गया है।*





शोटाइम को करण जौहर अपने प्रोडक्शन धर्मेटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बना रहे हैं। इसे OTT प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया जाएगा। इसी प्लेटफॉर्म पर फिलहाल करण जौहर का चैट शो कॉफी विद करण 8 स्ट्रीम किया जाता है।

**शोटाइम की कास्ट**

शोटाइम में इमरान हाशमी के अलावा नसीरुद्दीन शाह, मौनी रॉय, विजय राज, राजीव खंडेलवाल, महिमा मकवाना, केके मेनन और श्रिया सरन समेत कई सितारे नजर आएंगे। वेब सीरीज में सबकी झलक है।

**क्या होगा शोटाइम में?**

शोटाइम वेब सीरीज के जरिए एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का काला सच और इसके गहरे राज खोले जाएंगे। इसमें दिखाया जाएगा कि लाइट्स, कैमरा और एक्शन पर चलने वाली दुनिया में कैसे हर कोई पावर के लिए अपनी सीमाएं पार करता है। टीजर में एक तरफ शोबिज की चकाचौंध भरी दुनिया की झलक है, तो नेपोटिजम का मुद्दा भी। टीजर में एक जगह इमरान हाशमी कहते हुए भी नजर आते हैं, श्नेपोटिजम के मुखौटे के पीछे आखिर हर आउटसाइड इनसाइडर बनना चाहता है।

**2024 में डिज्नी प्लस हइटस्टार पर होगी स्ट्रीम**

शोटाइम वेब सीरीज की अभी लॉन्च डेट अनाउंस नहीं की गई है, बस इतना रिवील किया गया है कि यह 2024 में स्ट्रीम की जाएगी। इसमें इमरान हाशमी ने बॉलीवुड के बादशाह का रोल प्ले किया है। वहीं मौनी रॉय एक्ट्रेस और डांसर के रोल में हैं, और नसीरुद्दीन शाह मास्टरमाइंड बने हैं, और कहते हैं, सिनेमा धंधा नहीं, धर्म है साड्डा।

# बहाना नहीं, दर्दनाक हकीकत है पीरियड्स



*पिछले दिनों एनिमल फिल्म रिलीज हुई, इसका सीन सामने आने के बाद पीरियड्स को लेकर पुरुषों में जागरुकता को लेकर सवाल उठे और बहस होने लगी। आज भी कई लोग हैं, जो इस दर्द को सच नहीं मानते। हमने इस बारे में जानकारों से बात की। सवाल अब यह उठता है कि पुरुषों में क्या आज भी पीरियड्स को लेकर जागरुकता की कमी है या वे नासमझ होने का नाटक करते हैं?*

**54 फीसदी पुरुष नहीं मानते पीरियड पेन**

प्री मेंस्ट्रुअल सिंड्रोम (पीएमएस) पीरियड्स से पहले होने वाली महिलाओं की एक ऐसी समस्या है, जो उन्हें हर महीने झेलनी पड़ती है। पत्नी अचानक किसी बात पर झल्ला जाती है या किसी छोटी सी बात पर रोने लगती है, तो कई पुरुष यह कहने से बाज नहीं आते कि यह तो इनका रोज का ही ड्रामा है। महिला के बताने के बाद भी कि मेरे पीरियड्स चल रहे हैं और मैं दर्द में हूं, पुरुष कहते हैं कि ये तो हर महीने कुछ दिन इनके काम न करने के बहाने हैं। कभी कहती हैं कि पेट दर्द हो रहा है तो कभी कहेंगी थकान हो रही है, तो कभी कुछ और। यौन जीवन भी इनके साथ क्या खाक एंजॉय करेंगे। विडंबना यह है कि अधिकतर पुरुष महिला के उस शारीरिक दर्द और तनाव को महसूस नहीं कर पाते।

**10 में से 9 महिलाओं को होता है दर्द**

एक स्टडी के मुताबिक, 54 फीसदी पुरुष आज भी यह नहीं जानते कि महिलाओं के जीवन में पीरियड पेन एक हकीकत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, 10 में से 9 महिलाएं पीरियड के दौरान दर्द का अनुभव करती हैं, फिर भी वे काम पर जाती हैं और घर की जिम्मेदारी निभाती हैं। पुरुषों को संवेदनशील और जागरुक होने की जरूरत है, जिससे वे महिलाओं का ज्यादा ध्यान रख सकें।

**मानसिक बदलावों पर बात नहीं**

पीरियड्स मेंटल हेल्थ को किस तरह से प्रभावित करता है, यह निकलकर आया हॉलैंड में 250 महिलाओं पर की गई एक स्टडी से। अधिकतर महिलाओं ने पीरियड्स के दौरान चिंता, चिड़चिड़ापन, गुस्सा वगैरह का अनुभव किया। देखा गया कि जैसे ही पीरियड्स का पहला दिन शुरू हुआ, शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन कम होने शुरू हो गए।

**हॉर्मोन बदलने से होती हैं ये दिक्कतें**

इन हार्मोन के स्तर में कमी से शरीर में खुश रखने वाले हार्मोन सेरोटोनिन का उत्पादन भी कम होने लगा। 20 फीसदी महिलाओं के तो पीरियड्स शुरू होने से पहले ही मूड प्रभावित होने लगा जिसके चलते मुंहासे, चिंता, उदासी, स्तनों में कोमलता, भूख में बदलाव, अपच, सुस्ती, गुस्सा, सिरदर्द, ध्यान की कमी और कई अन्य समस्याएं उनमें देखने को मिलीं। सोशलिस्ट वंदना शर्मा कहती हैं कि अभी तक जितनी भी बातें होती आई हैं, वे पीरियड्स को लेकर शरीर में होने वाले बदलावों तक ही सीमित हैं। इससे महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर क्या असर होता है, इसका जिक्र होना भी जरूरी है।

# सर्दियों में फेफड़ों को छलनी करने में देर नहीं लगाती सांस की बीमारी

*आपका ह्रदय आपके सभी अंगों को ऑक्सीजन की आपूर्ति करने के लिए आपके शरीर के चारों ओर रक्त पंप करता है। जब यह उस तरह से काम नहीं करता जैसा इसे करना चाहिए, तो यह हार्ट फेलियर की स्थिति हो सकती हैं। हार्ट फेलियर एक स्थिति है, जिसमें हार्ट बॉडी की जरूरत के हिसाब से पर्याप्त मात्रा में ब्लड पंप नहीं कर पा रहा होता है। हार्ट शरीर का मास्टर पार्ट होता है, जो रक्त को पूरे शरीर में पंप करने का काम करता है। हार्ट फेलियर के दौरान, हार्ट का फंक्शन खराब होने लगता है, जिससे शरीर के विभिन्न हिस्सों में पर्याप्त ऑक्सीजन और पोषण नहीं पहुंच पाता है। हार्ट फेलियर की आखिरी स्टेज सबसे ज्यादा खतरनाक होती है, जिसमें कुछ गंभीर लक्षण भी दिखाई देने लगते हैं, जिसे अनदेखा नहीं करना चाहिए।*

**एंड स्टेज हार्ट फेलियर क्या है?**

एंड स्टेज हार्ट फेलियर की स्थिति में शरीर ह्रदय के द्वारा पंप की जाने वाली रक्त की कम मात्रा की भरपाई नहीं कर पाता। इस दौरान पीड़ित व्यक्ति को आराम करते समय भी सांस लेने में तकलीफ होती है। हार्ट में कुछ बदलाव भी होने लगते हैं, जिसमें वह फैल सकता है या आकार में बड़ा हो सकता है और तेजी से पंप कर सकता है। इस बदलाव के लक्षण दूसरे कुछ रूपों में शरीर में भी दिखने लगते हैं। एंड स्टेज हार्ट फेलियर के लक्षणों के बारे में जानें।





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**सांस लेने में कठिनाई होना**

सांस लेने में परेशानी होना हार्ट फेलियर के फाइनल स्टेजज का सबसे मुख्य लक्षण है। इस दौरान लोगों को एक्टिविटीज और आराम करते समय, दोनों ही स्थितियों में सांस लेने में काफी परेशानी महसूस होती है। यह समस्या सोते वक्त और भी बढ़ जाती है।

**थकानः** हार्ट फेलियर के लक्षणों में अधिक थकान महसूस होना भी शामिल है। इसमें मरीज को भरपूर नींद सोने और आराम करने के बाद भी बहुत थकान महसूस होती है। इस कारण मरीज की रोजमर्रा का जीवन भी प्रभावित होने लगता है। अगर मरीज में इस तरह के लक्षण नजर आ रहे हैं, तो उसे अनदेखा नहीं करना चाहिए।


**सूजनः** एंड–स्टेज हार्ट फेलियर के लक्षणों में शरीर मे सूजन भी नजर आ सकती है। यह सूजन शरीर के विभिन्न हिस्सों में नजर आ सकती है, जैसे कि पैर, एंकल्स और पेट आदि में। जब आपका ह्रदय आपके शरीर में रक्त प्रवाहित नहीं कर पाता है, तो यह शरीर के कुछ हिस्सों को सूजन के रूप में प्रभावित करने लगता है।

**वजन कम होना**

हार्ट फेलियर की स्थिति में मरीज का वजन भी तेजी से कम होने लगता है, इसी की साथ भूंख भी कम हो जाती है, जो एक बड़ा संकेत है। हार्ट फेलियर के दौरान, ह्रदय सही से नहीं काम करता है। जिसके कारण शरीर में तरल संतुलन में कमी हो सकती है और इससे वजन कम हो सकता है।

**तेज दिल की धड़कन**

हार्ट फेलियर में दिल की धड़कन भी तेज हो जाती है। आपको ऐसा महसूस हो सकता है कि आपका दिल बहुत तेजी से धड़क रहा है। जब आपका ह्रदय उतनी मात्रा में रक्त पंप नहीं कर रहा हो जितना उसे करना चाहिए, तो ऐसे में कई बार यह तेजी से धड़कने लगता है।





## काली, सूखी या बलगम वाली हर खांसी का होगा नाश

ठंड का मौसम जारी है और इस दौरान खांसी सबसे ज्यादा परेशान करती है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक अधिकतर लोग खांसी से पीड़ित रहते हैं। अगर आप भी खांसी से जूझ रहे हैं, तो इसके लिए आपको दवाएं लेने की जरूरत नहीं है। खांसी के लिए आप घरेलू उपाय आजमा सकते हैं। इनमें से एक उपाय प्याज–शहद का यह मिश्रण है, जो हर तरह की खांसी में रामबाण उपाय साबित हो सकता है। शहद लोकप्रिय रूप से खांसी और गले की खराश से राहत के लिए जाना जाता है। शहद जिसका उपयोग सदियों से सर्दी और फ्लू से राहत देने के लिए किया जाता है। शेफ स्नेहा सिंघी उपाध्याय ने इस आसान और प्रभावी कफ सिरप को बनाने का तरीका साझा किया है। वह आगे कहती हैं कि यह नुस्खा पूरी तरह से आजमाया हुआ और परखा हुआ है। अगर आप यह सोच रहे हैं कि एक शेफ यह उपाय कैसे दे सकता है, तो आपको बता दें कि सर्टिफाइड फंक्शनल न्यूट्रीशन कोच प्रतिमा नागराज ने अपने कमेंट में इस नुस्खे को मंजूरी देते हुए कहा है कि मैं भी इस घरेलू उपचार का उपयोग करती हूं। प्याज क्वेरसेटिन से भरपूर है, और शहद के साथ मिलकर यह सबसे अच्छा काम करता है। शेफ शॉन केनवर्थी ने बताया कि जब मैं छोटी थी, तो जब भी मुझे खांसी होती थी तो मेरे पिता मुझे यह मिश्रण देते थे। यह पूरी तरह से आजमाया और परखा गया उपाय है। यह प्रभावी रूप से काम करता है।

## पहली बार करने जा रही हैं मेकअप, इन टिप्स की भूलकर भी न करें अनदेखी

मेकअप के बारे में पूरी जानकारी हासिल किए बगैर मेकअप करना तो दूर की बात मेकअप के लिए जरूरी सामान भी खरीदना मुश्किल हो जाता है। कंसीलर, फाउंडेशन, आई लाइनर, लिपस्टिक, लिप लाइनर, मेकअप के सामान की लिस्ट बहुत लंबी है। सिर्फ सामान ही नहीं इन्हें चेहरे पर अप्लाई करने वाले ब्रश भी अलग–अलग होते हैं। ऐसे में नौसिखिए तो मेकअप करने से पहले ही डर जाते हैं। खासतौर से वो जो अब तक ये सोचते हैं कि मेकअप का मतलब है सिर्फ फाउंडेशन, आईलाइनर और लिपस्टिक लगाना। वो मेकअप की बारीकियां देखकर ही घबरा जाते हैं। पहली बार मेकअप करना थोड़ा पेचिदा लग सकता है, लेकिन मुश्किल नहीं है। आपको बस छोटी–छोटी टिप्स को याद रखना है। जिसके बाद आपको मेकअप करना बहुत आसान लगेगा। भले ही अब से पहले आपने कभी ब्रश हाथ में भी न उठाया हो। इन टिप्स को जाने और समझें फिर मेकअप करें। हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धोना ज्यादा बेहतर होगा।

## अस्थमा के मरीज हैं तो मान लें डॉक्टर की ये बात



वैसे तो घर के बाहर का प्रदूषण भी लोगों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा–खासा खतरा है पर, घर के अंदर खराब होती हवा की गुणवत्ता भी धीरे–धीरे एक गंभीर मुद्दे में बदल गई है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। दुनिया भर में हर साल लगभग 4 मिलियन मौतें घर के अंदर वायु प्रदूषण के कारण होती हैं और विशेष रूप से भारत में, बीमारी के राष्ट्रीय बोझ का लगभग 4–6:, घर के अंदर के वायु प्रदूषण के कारण माना जाता है। यह एक चौंकाने वाली वास्तविकता है कि देश भर में इस समय हुई बाहरी प्रदूषण में वृद्धि के मद्देनजर मानव स्वभाव घर के अंदर रहने की होगी। मुंबई के चेस्ट फिजिशियन, डॉ. स्वामी डी. पवार जानकारी देते हुए कहते हैं कि– कार्यस्थल, स्कूल, मॉल, रेस्तरां और यहां तक कि आपके घर जैसे अधिकांश बंद स्थानों में मौजूद वायु भी प्रदूषित हो सकता है। यह प्रदूषण बारीक कण जैसे कालिख और धूल या कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा सल्फर डाइऑक्साइड जैसी गैसों के रूप में हो सकता है जो खाना पकाने, गर्म करने या सफाई करने वाले उपकरणों से लेकर कपड़ों, झाड़ू आदि से भी हो सकता है। घर के अंदर हवा की खराबी (अशुद्धता) वैसे तो किसी को भी प्रभावित कर सकती है, लेकिन अस्थमा और सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) जैसी फेफड़ों की समस्या वाले लोग इसके प्रतिकूल प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।



**राहुल द्रविड़ भारतीय टीम से जुड़ेंगे**

राहुल द्रविड़ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम से जुड़ेंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में खेला जाएगा। यह मैच 26 से 30 दिसंबर तक खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा टेस्ट 3–7 जनवरी तक केप टाउन के न्यूलैंड्स में खेला जाएगा।

## राहुल द्रविड़ के बेटे समित ने खेली धाकड़ पारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ के बेटे समित ने कर्नाटक के लिए कूच बिहार ट्रॉफी में जम्मू–कश्मीर के खिलाफ 98 रन की उम्दा पारी खेली। समित ने अपनी पारी के दौरान कई आकर्षक स्ट्रोक्स खेले। समित द्रविड़ ने 98 रन की अपनी पारी में 13 चौके और एक छक्का जमाया। कर्नाटक ने जम्मू–कश्मीर को एक पारी और 130 रन के बड़े अंतर से मात दी। राहुल द्रविड़ के बेटे की पारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वो शानदार शॉट्स लगाते हुए नजर आ रहे हैं। ध्यान दिला दें कि कूच बिहार ट्रॉफी के मैच में जम्मू–कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम 170 रन पर ऑलआउट हो गई। कर्नाटक की तरफ से समित पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए और कार्तिकेय केपी के साथ चौथे विकेट के लिए 233 रन की साझेदारी की। कार्तिकेय केपी ने 175 गेंदों में 163 रन बनाए। वो टीम के टॉप स्कोरर रहे। कर्नाटक ने अपनी पहली पारी 100 ओवर में 480/5 के स्कोर पर घोषित की। जम्मू–कश्मीर की दूसरी पारी भी जल्दी सिमट गई और इस तरह कर्नाटक ने एक पारी व 130 रन के विशाल अंतर से मैच अपने नाम किया।

# पाकिस्तान क्रिकेट में भूचाल! जका अशरफ का ऑडियो लीक

**क्रिकेट**

### बाबर को टीम के सभी प्रारूपों के कप्तान पद से हटाने की योजना का खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कराची। पाकिस्तान में जहां हाल ही में कुछ नेताओं के बीच हुए गुप्त टेपों ने हंगामा मचाया था, वहीं पाकिस्तान क्रिकेट जगत भी इससे अछूता नहीं रहा। एक लीक हुए ऑडियो में कथित तौर पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अंतरिम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ की आवाज है, जिसमें उन्होंने बाबर आजम को टीम के सभी प्रारूपों के कप्तान पद से हटाने की योजना का खुलासा किया है।

बाबर आजम ने भारत में विश्व कप में टीम लचर प्रदर्शन के बाद खुद ही कप्तान पद छोड़ने की घोषणा की थी। लेकिन लीक हुए ऑडियो से पता चलता है कि कैसे उनके इस्तीफे के लिए दबाव बनाने की परिस्थितियां तैयार की गई थीं। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक रिकॉर्डिंग में वाकई में पीसीबी चीफ की आवाज है।





बातचीत में खिलाड़ियों के एजेंटों की भूमिका और टीम में कथित तौर पर व्याप्त दोस्ती कल्चर पर भी ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें बाबर पर आरोप लगाया गया कि वह टीम में अपने करीबी दोस्तों को शामिल करते हैं। वर्ल्ड कप के लिए चयनित अधिकांश खिलाड़ियों का साया कॉर्पोरेशन के ग्राहक होना, जिस आरोप के कारण मुख्य चयनकर्ता इंजमाम–उल–हक ने टूर्नामेंट के दौरान अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, उस पर भी चर्चा हुई।

ऑडियो रिकॉर्डिंग से साफ हो रहा है कि जका अशरफ ने बाबर के कप्तानी छोड़ने से पहले ही बैकअप प्लान भी बना लिया था। वायरल ऑडियो में जिसे पीसीबी चेयरमैन की आवाज मानी जा रही है वो बोलता है– मैंने बाबर से टेस्ट कप्तान बने रहने के लिए कहा, लेकिन उससे कहा कि मैं उसे सफेद गेंद के कप्तान के पद से हटाने के बारे में सोच रहा हूं। बाबर ने मुझसे कहा कि वह अपने परिवार से परामर्श करेगा और फिर अपना निर्णय बताएगा।

वही व्यक्ति आगे कहता है कि वह जानता है कि बाबर अपने परिवार को फोन करने के बजाय साया कॉर्पोरेशन के सीईओ तल्हा रहमानी को फोन कर रहा होगा। पीसीबी प्रमुख ने लीक में कहा, तल्हा ने उन्हें सब कुछ छोड़ने की सलाह दी। ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर मैंने प्लान–बी तैयार कर लिया था। जका को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि मुझे रिजवान बहुत पसंद है, लेकिन वह बाबर और तल्हा के साथ बहुत जुड़ा हुआ है।

## हम शशांक सिंह को स्क्वाड में शामिल करके खुश हैः पंजाब किंग्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पंजाब किंग्स ने गलत खिलाड़ी को खरीदने पर अपनी सफाई पेश की। खबर थी कि पंजाब किंग्स ने शशांक सिंह को गलती से खरीद लिया था। पंजाब किंग्स ने सोशल मीडिया के जरिए सफाई दी और बताया कि वो खिलाड़ी को स्क्वाड में पाकर खुश हैं। अब शशांक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर टीम को धन्यवाद दिया है।

पीबीकेएस ने एक्स पर लिखा, किंग्स स्पष्ट करना चाहता है कि खिलाड़ी हमेशा से हमारे खरीदारी लिस्ट में था। उलझन हुई क्योंकि दो समान नाम वाले खिलाड़ियों के नाम लिस्ट में दिखे। हम शशांक सिंह को स्क्वाड में शामिल करके खुश हैं और हमारी सफलता में उन्हें योगदान देते हुए देखना चाहते हैं।

**पोस्ट शेयर कर टीम को धन्यवाद दिया**

अब इस पोस्ट पर 31 वर्षीय खिलाड़ी ने रिप्लाई देते हुए लिखा, यह सब अच्छा है...मुझ पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। बता दें कि शशांक सिंह आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा रह चुके हैं। अब आईपीएल के 17वें सीजन में वह पंजाब की जर्सी पहनेंगे।


वहीं राइट आर्म लेग स्पिनर प्रिंस को पंजाब किंग्स ने उनकी बेस प्राइस 20 लाख रुपये की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा। आईपीएल सिलेक्शन की प्रक्रिया के बारे में प्रिंस ने बताया, मैं पिछले महीने पंजाब किंग्स के ट्रायल कैंप में शामिल हुआ था। उस दौरान टीम के हेड कोच ट्रेवर बायलिस और बैटिंग कोच वसीम जाफर वहां मौजूद थे। मुझे शुरुआत में तीन ओवर मिले तो मैंने चार विकेट निकाला। कोच थोड़े प्रभावित तो हुए लेकिन मुझे फिर से परखने के लिए कुछ देर बाद फिर से दो ओवर डालने को दिया। इन दो ओवर में भी मैंने दो विकेट निकाल डाले। अब जब फ्रेंचाइजी ने मुझे खरीद लिया हो तो लग रहा है कि मैं परीक्षा में पास हो गया।

**पंजाब किंग्स का स्क्वाडः** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अर्थव ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन ऐलिस, सैम करन, कगिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर और हरप्रीत भाटिया।

## इस खिलाड़ी को लेकर दादा ने किया था बड़ा दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2024 का मिनी ऑक्शन दुबई में आयोजित की गई थी। इसमें कुल 72 खिलाड़ियों को 10 फ्रेंचाइजियों ने खरीदा। एक तरफ जहां, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के कुछ बड़े खिलाड़ियों पर पैसों की बारिश हुई। वहीं कुछ अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों ने भी सुर्खियां बटोरीं। इनमें कुमार कुशाग्र एक रहे, जिन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने 7.2 करोड़ रुपये में खरीदा था। कुशाग्र भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी के ही राज्य यानी झारखंड से हैं और एक विकेटकीपर–बल्लेबाज भी हैं। कुशाग्र के पिता शशिकांत ने खुलासा किया कि भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली डीसी के ट्रायल कैंप में कुशाग्र की सिक्स हिटिंग क्षमता से प्रभावित हुए थे। ट्रायल में गांगुली उनकी छक्का मारने की क्षमता और मैदान पर खेलने की क्षमता से प्रभावित हुए। शशिकांत ने आगे खुलासा किया कि गांगुली ने उनके बेटे के लिए 10 करोड़ रुपये तक की बोली लगाने का वादा किया था।

## न्यूज डायरी



### जिम्बाब्वे के हेड कोच डेव हॉटन ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जिम्बाब्वे के कोच डेव हॉटन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके पीछे उन्होंने खिलाड़ियों के साथ अपने खराब रिश्ते का हवाला दिया। साथ ही जिम्बाब्वे, नामीबिया और युगांडा से हारकर 2024 टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने का कारण बताया। बता दें कि जिम्बाब्वे के टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए क्वालीफाई न करने पाने के बाद जिम्बाब्वे क्रिकेट ने कारणों की जांच के लिए समिति का गठन किया था। इस तीन सदस्यीय समिति का अध्यक्ष लॉयड मिशी को बनाया गया था। जिम्बाब्वे क्रिकेट हॉटन ने एक पत्र लिखा। हॉटन ने कहा कि 18 महीने के प्रभारी के बाद उन्होंने ड्रेसिंगरूम खो दिया है और टीम को आगे बढ़ने के लिए एक नई सोच की आवश्यकता है। जिम्बाब्वे क्रिकेट के अध्यक्ष तवेंगवा मुकुहलानी ने कहा, डेव हमेशा हमारे खेल के दिग्गज रहेंगे और यह अफसोस की बात है कि उन्हें लगा कि ड्रेसिंगरूम को एक नई आवाज की जरूरत है। गौरतलब हो कि क्वालीफायर में युगांडा और नामीबिया से हारने के बाद जिम्बाब्वे प्वाइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर रहा था। जबकि टी20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए शीर्ष दो में रहना जरूरी था। बता दें कि साल 2023 टी20 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे ने पाकिस्तान को हराया था।

### पाकिस्तान को बॉक्सिंग–डे टेस्ट से पहले लगा करारा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग–डे टेस्ट से पहले जोरदार झटका लगा है। तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद चोटिल होने के कारण मौजूदा सीरीज से बाहर हो गए हैं। तेज गेंदबाज को पसली में स्ट्रेस फ्रेक्चर है और उन्होंने पेट की मांसपेशियों में दर्द की शिकायत भी की। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शहजाद के सीरीज से बाहर होने की पुष्टि कर दी है। पीसीबी ने अपनी वेबसाइट पर शहजाद के चोटिल होने की पुष्टि की। बता दें कि शहजाद ने पर्थ टेस्ट में अपनी गेंदबाजी से काफी प्रभावित किया था। उन्होंने पांच विकेट लिए, जिसमें दोनों पारियों में स्टीव स्मिथ को आउट करना शामिल था। पीसीबी द्वारा जारी बयान में कहा गया कि वो ऑस्ट्रेलिया में विशेषज्ञ से बातचीत करेंगे और फिर वो लाहौर में एनसीए में लौटेंगे जहां उनका चोट प्रबंधन और रिहैब जारी रहेगा। खुर्रम शहजाद अपने बाएं 10वीं पसली में स्ट्रेस फ्रेक्चर और पेट की मांसपेशी में दर्द के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद ने पहले टेस्ट के दौरान बाएं तरफ असहजता की शिकायत की थी। पीसीबी अब ऑस्ट्रेलिया में विशेषज्ञ से सलाह करेगा, जिसके बाद खिलाड़ी के लिए निर्णायक प्रबंधन प्रोटोकॉल स्थापित किया जाएगा। फिर वो लाहौर में एनसीए में लौटेंगे, जहां उनका चोट प्रबंधन और रिहैब जारी रहेगा। शहजाद की चोट ने पाकिस्तान की चिंता बढ़ा दी है। पाकिस्तान पहले ही नसीम शाह की सेवाएं लिए बिना खेल रहा है।

### जिस जीजा ने लगाया घर आने पर बैन, उसी के बेटे को बना दिया क्रिकेटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेरठ। शहर के लालकुर्ती इलाके में रहने वाले 20 साल के समीर रिजवी के परिवार में जश्न का माहौल है। आईपीएल के लिए चेन्नै सुपरकिंग्स ने मेरठ के समीर रिजवी को 8 करोड़ 40 लाख रुपये में खरीदा है। समीर के कोच और रिश्ते में मामा ने बताया कि समीर अलग ही अंदाज से खेलता है और चौके छक्के मारने में माहिर है। समीर का कहना है कि उनके प्रेरणा स्रोत महेंद्र सिंह धोनी हैं। एक वक्त था जब मेरठ क्रिकेट के बल्ले के लिए मशहूर था। यहां का बल्ला दुनियाभर के क्रिकेटर खरीदकर खेलते हैं, लेकिन अब यह धरती धमाकेदार खिलाड़ियों के लिए मशहूर हो रही है। इसी धरती से स्विंग के सुल्तान भुवनेश्वर कुमार निकले थे और अब समीर रिजवी का नाम सामने आया है। समीर का जन्म साल 2003 में मेरठ के लोहिया गांव में हुआ था। फिलहाल परिवार थाना लालकुर्ती क्षेत्र की आफताब की कोठी में एक मकान में रह रहा है। समीर अपने चार बहन भाई में सबसे छोटे हैं। रिजवी अंडर–19 इंटरनैशनल क्रिकेट में भारत के लिए खेल चुके हैं । समीर ने बताया कि धोनी उनके आइडियल हैं, उनके साथ खेलना मेरा सपना था जो अब पूरा होगा।

पेज थ्री देहरादून

देहरादून, शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023 पेज 8

हमारा दून

उत्तराखण्ड सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल आर प्रेम राज ने भेंट करते हुए सीएम।



# देश का भविष्य है छात्र उनका भविष्य संवारने की जिम्मेदारी है शिक्षकों पर

वार्षिकोत्सव

■ मुख्यमंत्री ने जनता कृषक इंटर कॉलेज पंवासा जिला सम्भल के रजत जयंती वार्षिकोत्सव में किया प्रतिभाग

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को जनपद सम्भल के जनता कृषक इंटर कॉलेज पंवासा के रजत जयंती वार्षिकोत्सव में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, शिक्षा से व्यक्ति का भौतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास सुनिश्चित होता। व्यक्तित्व के निर्माण के लिए भी शिक्षा नितांत आवश्यक रहती है। शिक्षा और संस्कार मनुष्य के जीवन के दो कीमती उपहार है, जो व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल देते है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य में शिक्षा और संस्कार दोनों का विकास होता है, तभी वह परिवार, समाज और देश का विकास कर सकता है। हमारी शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक ही सीमित न रहे, बल्कि अच्छी शिक्षा के साथ–साथ हमारा चारित्रिक विकास भी सुनिश्चित हो, इस दिशा में ध्यान दिये जाने पर भी उन्होंने बल दिया। इसमें माता–पिता और गुरुजनों का अहम योगदान रहता है।



उन्होंने कहा कि माता–पिता और शिक्षकों का यह कर्तव्य होना चाहिए कि बच्चों को सदा सच्चाई के मार्ग पर चलना सिखाएं। उन्हें सहनशील, कर्तव्यनिष्ठ बनाएं तथा सभी से प्रेम पूर्वक आत्मीयता का व्यवहार करना सिखाएं। क्योंकि मनुष्य अपने जीवन में जो डिग्री हासिल करता है वह सिर्फ एक कागज का टुकड़ा मात्र है, जबकि व्यक्ति की असली डिग्री उसके संस्कार हैं, जो उसके व्यवहार में झलकते हैं। प्राचीन काल से ही भारत में संस्कारों का पाठ पढ़ाया जाता रहा है।

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से अपेक्षा की कि बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ संस्कार भी दें। देश के कल का भविष्य तैयार करने की बड़ी जिम्मेदारी शिक्षकों के ही कंधों पर है। शिक्षक किसी भी विद्यार्थी के जीवन को प्रकाश एवं उन्नति से आलोकित करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। उनके मार्गदर्शन में ही छात्र साधारण से असाधारण की यात्रा करने में सफल होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत प्राचीनकाल से ही विश्व गुरू रहा है और आज का नया भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुनः विश्व गुरु का स्थान प्राप्त करने के लिए पूरी शक्ति के साथ शिक्षा सहित हर क्षेत्र में विकास की दिशा में अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश को आज नई शिक्षा नीति प्राप्त हुई है। उत्तराखण्ड राज्य में इस नीति को लागू कर दिया गया है। जो हमारे लिये गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति से सभी वर्ग के लोगों को समानता के आधार पर शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे तथा स्कूल स्तर पर युवाओं के कौशल विकास में सहायता प्राप्त होगी। इस नीति से शोध एवम अनुसंधान को बढ़ावा मिलने के साथ ही युवा पीढ़ी को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी करने में मदद मिलेगी।

## एक विकसित भारत बनाने में अवश्य होंगे सफलः सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन की सरकारों में बडे स्तर पर जहां मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जा रही है वहीं प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा के विकास पर भी पूर्ण ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिखाए मार्ग पर चलते हुए हम शीघ्र ही एक विकसित भारत बनाने में अवश्य सफल होंगे। इस वर्ष देश में आयोजित हुये जी–20 सम्मेलन से पूरी दुनिया भारत के सामर्थ्य और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित हुई है। आज विश्व मंच पर भारत की बात सुनी जाती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में नये भारत का मॉडल तैयार हुआ है तथा 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना साकार करने की दिशा में मजबूती के साथ कदम बढाये जा रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### दून में जाट समाज ने प्रदर्शन किया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड जागरूक जाट समाज ने उपराष्ट्रपति के अपमान का आरोप लगाते हुए देहरादून में प्रदर्शन किया। घंटाघर में प्रदर्शन और नारेबाजी के साथ ही कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को ज्ञापन भी सौंपा।

जाट समाज से जुड़े लोगों ने गांधी पार्क से घंटाघर तक प्रदर्शन जुलूस निकाला। घंटाघर पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की और पुतला भी फूंका। साथ ही इंडिया महागठबंधन पर जाट समाज के अपमान का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिस तरह उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अपमान विपक्षी सांसदों ने किया, वह निंदनीय है। उन्होंने अपमान करने वाले सांसदों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। साथ ही कहा कि जब तक इस मामले में कार्रवाई नहीं की जाती है, तब तक उत्तराखंड जागरूक जाट समाज विरोध करता रहेगा।

### एसबीपीएस ने जीता बलूनी फुटबॉल टूर्नामेंट

**संवाददाता** देहरादून। सेवन– ए साइड ओपन बलूनी फुटबॉल टूर्नामेंट में एसबीपीएस ने कासा एकेडमी को 4–1 के अंतर से शिकस्त देकर फाइनल अपने नाम किया। टीम के लिए नवीन ने तीन और ध्रुव ने एक गोल किया। बलूनी पब्लिक स्कूल केशोवाला में गुरुवार को फाइनल मैच में बलूनी क्लासेज के एमडी विपिन बलूनी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना से खेलने की अपील की। प्रतियोगिता में 11 टीमों ने हिस्सा लिया था। फाइनल मैच में 60 साल से अधिक आयु के केथे ने भी हिस्सा लिया। सभी ने उनके प्रदर्शन की सराहना की।

### ऑल इंडियन कांग्रेस संगठन का विस्तार किया

**संवाददाता** देहरादून। ऑल इंडियन कांग्रेस संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पीयूष गौड़ ने महानगर देहरादून की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नंदन सिंह नेगी को महानगर उपाध्यक्ष, सूरज चौहान को महामंत्री, छोटेलाल गौतम, अमित कुमार को सचिव बनाया है। इसके अलावा नेहरू ग्राम वार्ड अध्यक्ष की जिम्मेदारी राहुल, अमित नेगी को ब्लॉक उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया।

### जल संस्थान कर्मचारियों की मैनेजमेंट से वार्ता विफल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संगठन की मैनेजमेंट से शुक्रवार को हुई वार्ता विफल हो गई। संगठन ने मैनेजमेंट पर कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी का आरोप लगाया। आईटीआई धारकों को लोनिवि, सिंचाई की तरह 2400 ग्रेड वेतन का लाभ देने का आश्वासन पूरा नहीं किया गया। 21 सूत्रीय मांगों में से कोई भी मांग पूरी न होने से कर्मचारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

# सिलक्यारा रेस्क्यू ऑपरेशन में रैट माइनर्स का बहुत बड़ा योगदान

सम्मान

■सीएम ने रैट माइनर्स को 50–50 हजार रूपये के सम्मान राशि के चेक किए प्रदान

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तरकाशी के सिलक्यारा रेस्क्यू ऑपरेशन में टनल की खुदाई में अहम भूमिका निभाने वाले 12 रैट माइनर्स को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और सभी रैट माइनर्स को 50–50 हजार रूपये के सम्मान राशि के चेक भी प्रदान किये।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि रैट माइनर्स ने अपनी जान की परवाह किये बिना कठिन परिस्थितयों में टनल में खुदाई, सफाई और पाइप को काटने का कार्य किया। सिलक्यारा रेस्क्यू ऑपरेशन को सफलता तक पहुंचाने में रैट माइनर्स का बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने कहा कि जिस लगन और परिश्रम से हमारे रैट माइनर्स ने इस रैस्क्यू अभियान को सफल बनाने में अन्य एजेंसियों के साथ योगदान दिया, इसके लिए सभी रैट माइनर्स बधाई और आशीर्वाद के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने सिलक्यारा रेस्क्यू अभियान में योगदान देने वाले सभी लोगों का भी प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया।

सिलक्यारा रेस्क्यू ऑपरेशन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले रैट माइनर्स ने राज्य में स्वागत और सम्मान होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सुरंग में फंसे 41 लोगों की जान बचाने के लिए विभिन्न एजेंसियों के साथ उन्हें भी अपना योगदान देने का अवसर मिला, यह उनके लिए गर्व की बात है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, जिलाधिकारी उत्तरकाशी श्री अभिषेक रूहेला भी मौजूद थे।

## रिटायर प्रिंसिपलों को किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। शिक्षा विभाग में 2016 के बाद रिटायर हुए राजकीय शिक्षकों का गुरुवार को सम्मान किया गया। इसके लिए गांधी इंटर कालेज में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीमा जौनसारी,सीईओ प्रदीप रावत,कालेज प्रबंधक कुंदन रावत और प्रिंसिपल एके कौशिक ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक व अन्य तरह की प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद एक एक कर सभी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य व प्रधानाअध्यापकों को सम्मानित किया गया। मुख्य शिक्षा निदेशक सीमा जौनसारी ने कहा कि विभाग शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए हमेशा हर प्रयास करता है। इस दौरान उन्होंने प्रधानाचार्य परिषद की मांगें व समस्याएं भी सुनीं। कार्यक्रम में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पीसी सुयाल सहित कई लोग मौजूद रहे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।